**24.03.2025**

# परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई से प्रश्न-उत्तर

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मेरे प्री बोर्ड अच्छे हुए थे, लेकिन बोर्ड की परीक्षा अच्छी नही जा रही। क्या रिजल्ट में प्री बोर्ड परीक्षा के अंक भी जोड़े जाते हैं? नितिन | प्रिय नितिन! सबसे पहले स्वयं पर पूरा भरोसा रखें कि यदि आपके प्री बोर्ड अच्छे हुए हैं, तब बोर्ड की परीक्षा भी अच्छी होगी । सभी अध्यापक अपने छात्रों को प्री- बोर्ड व बोर्ड की परीक्षाओं के लिए गहन परिश्रम कराते हैं। अधिकाशः यह देखा गया है कि जिन छात्रों का प्री- बोर्ड की परीक्षाओं में प्रदर्शन अच्छा रहता है उनका प्रदर्शन बोर्ड की परीक्षाओं में भी अच्छा रहता है। आप अपनी शेष आगामी परीक्षाओं की तैयारी एकाग्रचित होकर करें ।<br>आपका प्रदर्शन बोर्ड की परीक्षाओं में भी अच्छा रहेगा । |
| 2 | साल में कितनी बार कम्पार्टमेंट की परीक्षा होती है। क्या एक साल के अंतराल के बाद भी कंपार्टमेंट की परीक्षा दी जा सकती है? साक्षी | प्रिय साक्षी ! केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अपनी सभी योजनाएं छात्रों को केंद्र में रखकर बनाता है। यदि कोई विद्यार्थी कक्षा-10 में 2 विषय व कक्षा -12 में एक विषय में उत्तीर्ण होने से रह जाता है, तब ऐसे विद्यार्थियों को निम्न तीन अवसर परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रदान किये जाते हैं -<br>(क) प्रथम अवसर मुख्य परीक्षा जिसमें छात्र उत्तीर्ण होने से वंचित हुआ है के पश्चात् जुलाई माह में होने वाली पूरक परीक्षा में ।<br>(ख) आगामी वर्ष फरवरी - मार्च में होने वाली मुख्य परीक्षा में ।<br>(ग) तदुपरांत जुलाई माह में होने वाली पूरक परीक्षा में । इस तरह लगभग 1½ वर्ष में 3 अवसर छात्र के पास परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए होते हैं । |
| 3 | मैं बारहवीं कक्षा का छात्र हूँ, पेपर अच्छे जा रहे हैं। लेकिन मैं थोड़ा धीरे लिखता हूँ, इस कारण से कुछ सवाल छूट भी रहे हैं। अभी जो पेपर बचे हैं उनके लिए लिखने की गति को कैसे बढ़ाया जा सकता है? अमन | प्रिय अमन! कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बस उसके लिये हमें तैयारी की आवश्कता होती है और तैयारी केवल अभ्यास से हो सकती है । कहते हैं कि निरंतर अभ्यास से हम असंभव को भी संभव बना सकते हैं। जब कुएं से पानी खींचते समय रस्सी की रगड़ बार - बार पत्थर पर पड़ती है तब पत्थर पर भी निशान बन जाता है। अब आपको तो केवल लिखने का ही प्रयास करना है।आप तुरंत अभ्यास में जुट जाएं और कम समय में अधिक व सही लिखने का प्रयास करें। साथ ही यह भी निश्चित करें कि बची हुई परीक्षाओं में किस प्रश्न का उत्तर लिखने में कितना समय लगाना है जिससे कि आप प्रश्नपत्र सरलता से पूरा कर पाएं । |
| 4 | मैं सी.बी.एस.ई. बोर्ड के तहत कक्षा 12 का छात्र हूँ , वर्तमान में मुझे सी.बी.एस.ई. बोर्ड के बंगाली विषय ( छठे विषय) की परीक्षा और जे. ई.ई. (JEE) मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दोनों 02.04.2025 को आयोजित होने वाली हैं । इस सन्दर्भ में मेरे निम्नलिखित दो प्रश्न हैं ;-<br>(i) क्या बंगाली परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर मुझे कम्पार्टमेंट का दर्जा मिलेगा, बशर्ते कि मैं अपने सभी मुख्य विषयों में उत्तीर्ण हो जाऊं ? | प्रिय सप्तर्षि, आपको निम्न जानकारियाँ दी जाती हैं;-<br>(क) यदि बंगाली विषय आपके प्रथम 5 विषयों में से एक है तब आपका परीक्षाफल कम्पार्टमेंट होगा।<br>(ख) यदि बंगाली विषय प्रथम 5 विषयों में नहीं है तब आप उत्तीर्ण घोषित किये जायेंगे यदि आप इन पांचों विषयों में उत्तीर्ण हैं ।<br>(ग) यदि आप छठे विषय में शामिल नहीं होते तब आपको इस विषय में अनुपस्थित दिखाया जायेगा परन्तु परीक्षा परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।<br><br>आपको यह भी बताना चाहूँगा कि पूर्व में यदि किसी छात्र की कक्षा - 12 की परीक्षा व जे.ई.ई. (मुख्य) परीक्षा एक ही दिन है तब NTA द्वारा छात्र की जे.ई.ई. (मुख्य) परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) छठे विषय की परीक्षा में शामिल न होने से मेरे समग्र परिणाम और भविष्य की शैक्षणिक संभावनाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?<br><br>कृपया मार्गदर्शन करें। –सप्तर्षि घोष दस्तीदार | |